# 1. MEANING AND ADVANTAGES OF DIGITAL MARKETING
# डिजिटल मार्केटिंग से आशय व लाभ

## डिजिटल मार्केटिंग से आशय

डिजिलट मार्केटिंग में हम अपने मोबाइल और कम्प्यूटर जैसे उपकरणों के माध्यम से अपने उत्पाद को विश्व स्तर पर प्रचार एवं प्रसार हेतु उपयोग में लाते हैं। डिजिलट मार्केटिंग को स्थापित करने हेतु 1980 के दशक में कुछ प्रयास किए गए परन्तु यह कार्य संभव नहीं हो पाया।

पुनः 1990 के दशक में इस संदर्भ में प्रयास हुए, फिर इस क्रम में वास्तविक सफलता नहीं मिल सकी। इस कार्य हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास शुरू हुआ जो प्रारंभिक अवस्था में रहा केवल नाम की ही पहचान मिल सकी। लेकिन विकास की गति शुरू हो चुकी थी।

2000 के दशक में डिजिलट मार्केटिंग लोकप्रिय होना प्रारंभ हुआ। यह तब संभव हुआ जब इंटरनेट के माध्यम से सर्च इंजन, सोशल मिडिया का उपयोग प्रारंभ हो गया। पुनः 2010 के दशक में जब एन्डरॉयड मोबाइल और उसके बाद एपल का युग आया तो डिजिलट मार्केटिंग ने स्वाभाविक रूप से गति पकड़ ली। आज का समय डिजिलट युग बन गया है।

यह न केवल मार्केटिंग के क्षेत्र में उपयोगी है बल्कि मानव जगत के तमाम क्षेत्रों में खासकर लेन–देन के क्षेत्र में तो यह राम बाण हो गया है। आज संचार के क्षेत्र में डिजिलट तीव्र गति पकड़ चुकी है। यह कार्य बटन दबते ही पूर्ण हो जाती है।

## डिजिटल मार्केटिंग से लाभ

डिजिलट मार्केटिंग का लाभ निम्नांकित विन्दुओं से स्पष्ट होता है :–

1. डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से बहुत ही कम लागत में व्यवसाय प्रारंभ की जा सकती है, क्योंकि इसके लिए स्टॉक रखने की आवश्यकता नगण्य होती है।

2. डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से अपना विज्ञापन उन्हीं लोगों तक पहुंचाया जाता है जिन्हें हमारे सेवा या उत्पाद की आवश्यकता होती है।

3. डिजिलट मार्केटिंग प्रारंभ करना बहुत ही आसान है, क्योंकि इसके लिए किसी शॉ रूम या सघन मार्केट में चलाने की जरूरत नहीं है। यह अपने किसी भी स्थान से संचालित की जा सकती है।

4. डिजिलट मार्केटिंग के व्यवसाय में अपना उत्पाद बदलना भी आसान सा होता है।

5. डिजिलट मार्केटिंग में कन्वर्शन रेट का अपयोग किया जाता है, फलस्वरूप नये उपभोक्ता सुगमता से ग्राहक बन जाते हैं।

6. डिजिलट मार्केटिंग में जॉब के विकल्प खुले रहते हैं।

7. डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से अपनी अवधारणाओं को मजबूत करना बहुत ही सरल होता है।

*******************

# *2. IMPORTANCE OF DIGITAL MARKETING*

## डिजिटल मार्केटिंग का महत्व

डिजिलट मार्केटिंग वर्तमान व्यावसायिक युग में एक आधार स्तम्भ के समान है। जहाँ डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय का संचालन करना सुगम हुआ है वहीं समय की भी काफी मात्रा में बचत हो रही है।

कोष का स्थानांतरण तो ध्वनि की गति के समान होने लगी है। इतना ही नहीं संवात, ऑडर आदि का आना जाना बिजली की गति से होने लगा है। यहाँ से ऑडर प्रेषित की जाती है। चन्द समय में ऑडर अपने मुकाम पर हाजिर रहता है।

वर्तमान में जो वस्तु अपने निकट के बाजार में देखने तक को सुलभ नहीं है वह वस्तु डिजिलट माध्यम से ऑडर करते ही निर्धारित समय पर हमारे दरवाजे हाजिर रहता है। हमें कहीं जाना भी नहीं पड़ता है और विश्व स्तरीय वस्तु द्वार पर सुलभ जो जाती है।

## डिजिलट मार्केटिंग का महत्व

1. आज का दोड़ टेक्नोलॉजी का है। जिसमें डिजिलट मार्केटिंग का महत्व द्रुत गति से बढ़ता जा रहा है।

2. आज भाग–दौड़ के युग में डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से उत्पादक, वितरक एवं उपभोक्ताओं यानि सभी के समय की बचत हो रही है।

3. एक सामान्य उपभोक्ता भी इन्टरनेट के द्वारा अपनी सुविधानुसार एवं मनपसन्द वस्तु आसानी से प्राप्त कर सकता है।

4. कोरोना काल में डिजिलट मार्केटिंग का विस्तार तीव्र गति से हुआ क्योंकि जहाँ लोग घर से निकलना नहीं चाहते थें वहीं उनके पसन्द एवं आवश्यकता की वस्तु घर पर सुलभ हो जाती थी।

5. डिजिलट मार्केटिंग के कारण उपभोक्ता घर बैठे वस्तु को पसन्द कर समय का बचत करते हुए उपभोग की वस्तु आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

6. डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से व्यापारी भी कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आसानी से अपनी वस्तुओं की खुबियों को पहुँचाकर उससे जुड़ सकता है।

7. डिजिलट मार्केटिंग के कारण लोगों के जीवन स्तर एवं रहन सहन के स्तर में भी काफी बदलाव महसूस कर रहा है।

8. डिजिलट मार्केटिंग के द्वारा एक उत्पादक अपने उत्पाद का बाजार सुदूरवर्ती, पर्वतीय, दुर्गम एवं विदेशों में भी स्थापित कर सकता है।

9. डिजिलट मार्केटिंग के द्वारा एक उत्पाद अपने उत्पाद को विश्व स्तर तक फैलाने में कामयाब हो रहा है।

10. डिजिलट युग के कारण प्रत्येक मानव कुछ कठिन प्रश्नों का **Google, YouTube** के माध्यम से आसानी से समाधान कर ले रहा है।

11. शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापक व छात्र दोनों के लिए के डिजिलट युग वरदान बन गया है।

*******************

# 3. CONTENT MARKETING

## कंटेंट मार्केटिंग

कंटेंट मार्केटिंग एक ऐसी मार्केटिंग पद्धति है जहाँ गुणवत्तापूर्ण कंटेंट तैयार किए जाते हैं तथा उसे डिस्ट्रीब्यूट किए जाते हैं। ऐसे कंटेंट से ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता आकर्षित होते हैं।

कंटेंट मार्केटिंग में उन्हीं बातों को प्रसारित किया जाता है जिससे कि उत्पाद की झलक प्रस्तूत हो सके, उत्पाद से समानता रखता हो, उपाभोक्ताओं को वस्तु स्थिति की सही जानकारी प्राप्त हो सके जिससे उपभोक्ताओं को सुगमता पूर्वक ढंग से आकर्षित किया जा सके, उपभोक्ता भी आपको पसंद कर सके और आपके उपर विश्वास कर आपके साथ आगे व्यवसाय करने को तत्पर हो सके।

## कंटेंट मार्केटिंग के प्रकार

सामान्यतया कंटेंट मार्केटिंग कई प्रकार से संचालित किए जाते हैं, जिनमें कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं :–

**1.Infographics :-** कंटेंट मार्केटिंग में यह काफी महत्वपूर्ण जरिया माना जाता है। यह उन कंटेंट के लिए अधिक उपयोगी होता है जिसमें ज्यादा से ज्यादा सामग्री प्रस्तुत करना आवश्यक होता है। ये मुख्यतः **vettical graphics** होते हैं जिसमें **Statistics, Charts, Graphs** और दूसरे

जानकारी को लिखा जाता है। इसमें **Images** के साथ उनमें संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाती है। यदि इन्हें सही तरीके से बनाकर प्रस्तुत किया जाए तो कंटेंट मार्केटिंग काफी लाभदायक व्यवसाय साबित हो सकता है।

**2.Webpages :-** कंटेंट मार्केटिंग और वेबपेज में काफी अंतर पाया जाता है। जब वेबपेज को अच्छे तरीके से तैयार कर प्रस्तूत किया जाता है तो इसके माध्यम से बहुत सारे लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया जा सकता है। क्योंकि यह आसानी से किसी भी ब्राण्ड के लिए उपयोगी हो सकता है।

**3.Podcast :-** कंटेंट मार्केटिंग में पोडकास्ट का विशेष महत्व है। यह कंटेंट को लोगों के समक्ष सुगमता के साथ प्रस्तूत कर सकता है। इसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोग आपके विषय में जान पाते हैं। इससे आपके ब्राण्ड की पब्लिसिटि भी हो जाती है।

**4.Videos :-** कंटेंट मार्केटिंग में यह धारणा बन गई है कि टेक्सट के बदले यदि भीडियो प्रस्तूत की जाए तो यह लोगों को और भी ज्यादा आकर्षित कर सकती है। भीडियो कंटेंट में एक अनपढ़ उपभोक्ता भी भीडियो के माध्यम से ज्यादा आकर्षित हो जाता है। फलस्वरूप ब्राण्ड की भैल्यू ज्यादा हो जाती है।

**5.Books or Text :-** कंटेंट मार्केटिंग के लिए बुक अथवा टेक्सट महत्वपूर्ण माध्यम आज के दौड़ में माना जाता है, क्योंकि इसकी पहुंच वहां भी हो सकती है जहां बिजली या इंटरनेट उपलब्ध न हो साथ ही यह माध्यम गरीब गुड़बा, बुढ़ा जवान सभी के लिए सुलभ हो सकता है। इसके द्वारा कंटेंट मार्केटिंग का ब्राण्डिंग भैल्यू काफी बढ़ जाता है साथ ही लोगों का विश्वास एवं भरोसा ज्यादा से ज्यादा हो जाता है।

*******************

# 4. SOCIAL MEDIA MARKETING

## सोशल मीडिया मार्केटिंग

डिजिटल मार्केटिंग रणनीति के अंतर्गत सोशल मीडिया मार्केटिग समाहित है। जिसमें व्यवसाय को बढ़ावा देने, अपने लक्षित दर्शकों को शामिल करने और अपने ग्राहकों को एक–एक समर्थन प्रदान करने के लिए सोशल मीडिया नेटवर्क का उपयोग करती है। इसमें अपने दृष्टिकोणों को साझा करना, टिप्पणियों का उत्तर देना और पोस्ट को बढ़ावा देना शामिल है।

वर्तमान में लगभग 80 प्रतिशत जनता खरीदारी का निर्णय लेते समय सोशल मिडिया का उपयोग करते हैं, जो सोशल मीडिया मार्केटिंग को एक आवश्यक डिजिटल मार्केटिंग तकनीक बनाता है।

सोशल मिडिया मार्केटिंग के साथ, कंपनियां एक वफादार अनुयायी का निर्माण कर सकती हैं, साथ ही ग्राहक वफादारी में सुधार, बिकी बढ़ाने और मंथन करने के लिए अनुयायियों के साथ जुड़ सकती हैं और बातचीत कर सकती हैं।

सोशल मिडिया मार्केटिंग के तहत कई ऐसे प्लेटफॉर्म हैं जिनका उपयोग दर्शकों तक पहंचने के लिए किया जाता है। जैसे –

- **फेसबुक** – फेशबुक एक ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग सेवा है जो अपने दोस्तों, परिवार जनों, सहकर्मियों आदि से जुड़ने, फोटो, वीडियो और अन्य प्रकार के जानकारियों को साझा करने की सुविधा देती है।

- **टिक टॉक** – टिक टॉक भी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है जहां इसके उपयोकर्ता छोटी छोटी आकार के वीडियो बनाने के उपयोग में लाते हैं। इससे बने वीडियो को विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर अपनी भावना का प्रदर्शन करते हैं। इसे शॉर्ट–फॉर्म ऑनलाइन वीडियो प्लेटफॉर्म के नाम से भी जाना जाता है।
- **ट्विटर या X** – ट्विटर जिसे अब **X** के नाम से जाना जाता है। यह एक ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग सेवा के रूप में कार्य करता है। जहां उपयोगकर्ता अपनी भावना को टेक्स्ट के रूप में, चित्र के रूप में या वीडियो लिंक के रूप में पोस्ट करते हैं। इसकी अधिकतम सीमा 280 अक्षर की होती है।
- **Instagram** – इंस्टाग्राम एक सोशल नेटवर्किंग सेवा है जिसपर लोग फोटो, वीडियो, रील्स, स्टोरीज बनते हैं तथा उसे इंस्टाग्राम पर ही साझा करते हैं।
- **Pinterest** – पीनटेरेस्ट एक विजुअल डिस्कवरी इंजन है जहां लोग अपने विभिन्न प्रकार के विचारों को खोजते हैं, उसे सहेजते हैं, और इसके माध्यम से खरीदारी भी करते हैं।
- **Linkedin** – लिंक्डइन भी एक व्यावसायिक और सामाजिक नेटवर्किंग सेवा है। जिसका उपयोग पेशेवर कनेक्शन बनाने और कैरियर के अवसरों की खोज करने के लिए किया जाता है। लिंक्डइन के उपयोगकर्ता अपना पेशेवर प्रोफाइल बना सकते हैं और अपने लिए नौकरी की तलाश भी कर सकते हैं।

*******************

# *5. EMAIL MARKETING*

## ईमेल मार्केटिंग

# *6. CONTENT MARKETING*

# कंटेंट मार्केटिंग